सुविचार
शऩरढहओहमषशोभषे-ॲओझाब
ओाढमषशॉघदह,ॲओ़औरहटसा
ओा ढमष औॅरदह

कुल पेज 22, मूल्य ₹ 5.00

देश का नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

झुंझुनूं, राजस्थान, शनिवार, 20 सितंबर, 2025 | आश्विन, कृष्ण पक्ष-14, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण

हिन्दी पखवाड़ा निदेशक डॉ. पंचारिया ने किया राजभाषा संदर्शिका का विमोचन

सीरी में हिंदी पखवाड़े का समापन, विजेताओं का सम्मान

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर) पिलानी में आयोजित हिंदी पखवाड़े का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के तहत चयनित सहकर्मियों को पुरस्कृत किया। इस वर्ष राजभाषा चल वैजयंती प्रशासनिक वर्ग में वित्त एवं लेखा अनुभाग, तकनीकी वर्ग में ज्ञान संसाधन केंद्र, तथा वैज्ञानिक वर्ग में परियोजना प्रबंधन एवं मूल्यांकन समूह को प्रदान की गई। समारोह में राजभाषा संदर्शिका पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर डॉ. पंचारिया ने हिंदी को कार्यालय कार्यों में अधिक अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्थान लघु भारत का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए हिंदीतर भाषी सहकर्मियों को हिंदी सिखाना और सहयोग देना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम है। उन्होंने सहकर्मियों से अपील की कि संकोच को त्याग कर अपने सरकारी और निजी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग करें।

पिलानी. सीएसआईआर में प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान करते अतिथि।

इससे पूर्व हिंदी सप्ताह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुचंदन पाल ने वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने किया। अंत में प्रशासन नियंत्रक मधुरंजन पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गृहमंत्री के हिंदी दिवस संदेश का वाचन किया।